मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-63
**26/01/2026**

# पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के मरांची महादलित टोला में झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 26 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के अकौना ग्राम पंचायत के मरांची महादलित टोला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में टोले के वयोवृद्ध श्री सिद्धेश्वर मांझी ने झंडोत्तोलन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और कहा कि आज हम आपके बीच आए हैं। यहां पर श्री सिद्धेश्वर मांझी जी द्वारा झण्डोत्तोलन किया गया है। उन्होंने कहा कि आप सब जानते हैं कि हर साल स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर महादलित टोला में आते हैं और महादलित टोला में आयोजित झण्डोत्तोलन समारोह में भाग लेते हैं। पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन वर्ष 2011 में किया गया था। हम आज आपके महादलित टोला में आये हैं। यहाँ पर विकास के अनेक कार्य कराये गये हैं। यहाँ आने से पहले पता चला है कि आप लोगों की कुछ मांग हैं जिन पर काम कराया जायेगा। यहां पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जायेगा। यहाँ से राज्य उच्च पथ–78 तक सड़क का निर्माण कराया जायेगा। स्वास्थ्य उपकेन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं मध्य विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराया जायेगा। इस पंचायत के सभी आहर और पईन का जीर्णोद्धार कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कामना है कि समाज में सद्भाव एवं भाईचारे का वातावरण कायम रहे। हमारा राज्य लगातार विकास कर रहा है। अगले 5 वर्षों में और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। केन्द्र का भी पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। बिहार और विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जायेगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं पुनः आप सभी को शुभकामनाएँ देता हूँ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंधता एवं दृष्टिहानि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत श्री कपिल पासवान एवं श्रीमती सुंदरी देवी को चश्मा प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की लाभार्थी श्रीमती निशु देवी, जन वितरण प्रणाली की लाभार्थी श्रीमती रेणु देवी एवं श्री ललेश कुमार को प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभार्थी श्रीमती अंजु देवी एवं श्रीमती सीमा देवी को डमी चेक प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला एवं प्रतीक चिन्ह् भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यकम में झंडोत्तोलनकर्ता श्री सिद्धेश्वर मांझी, राज्यसभा सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री अरुण मांझी, विधान पार्षद श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह, जिला परिषद् की अध्यक्षा श्रीमती अंजू देवी, पुनपुन प्रखंड प्रमुख श्रीमती गुड़िया कुमारी, ग्राम पंचायत अकौना की मुखिया श्रीमती मुन्नी देवी सहित सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार

रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ० गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री अनिमेष कुमार पराशर, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री नंद किशोर कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******